झारखंड के सभी प्रखंडों में लगेगा स्वास्थ्य मेला

चर्चा में क्यों?

28 अगस्त, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार झारखंड के स्वास्थ्य विभाग द्वारा राज्य के सभी 263 प्रखंडों में स्वास्थ्य मेला लगाया जाएगा। इसका आयोजन 14 से 18 सितंबर तक उस क्षेत्र की सामाजिक-सांस्कृतिक व्यवस्था, रोग प्रसार को ध्यान में रखकर किया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के राज्य नोडल पदाधिकारी ने बताया कि मेले में खासकर जनजातीय क्षेत्रों के लिये बड़े स्तर पर स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाई जाएंगी।
- यह कार्यक्रम आयुष्मान भारत, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, प्रधानमंत्री जन-आरोग्य योजना कार्यक्रम के तहत किया जाएगा। इसके लिये हर प्रखंड के लिये एक लाख की राशि मंज़ूर की गई है।
- इस दौरान डॉक्टर्स के साथ ही प्रशिक्षित मेडिकल स्टॉफ लोगों का हेल्थ चेकअप कर उनका इलाज करेंगे। मेले में आयुष के तहत आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध और होमियोपैथी से जुड़े उपचार की सुविधा भी उपलब्ध होगी।
- स्वास्थ्य मेले में सामान्य चिकित्सा, बाल स्वास्थ्य, कंगारू मदर केयर, टीकाकरण, परिवार नियोजन, ईएनटी जाँच, धूम्रपान के सेवन का बुरा प्रभाव, कैंसर नियंत्रण, टीबी, मलेरिया की जाँच व जानकारी दी जाएगी। साथ ही, कई बीमारियों की जाँच व मौखिक स्वास्थ्य जाँच की जाएगी।
- मेले में स्टॉल लगाकर लोगों को आयुष्मान कार्ड सहित डिजिटल स्वास्थ्य आईडी का निर्माण किया जाएगा। इसमें सभी प्रकार की स्वास्थ्य गतिविधियों की जाँच, उपचार और मुफ्त दवा का वितरण शामिल है।
- इसमें मातृ-शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रमों के अलावा कम्युनिकेबल और नॉन कम्युनिकेबल डीजीज़ (बीमारियों) की रोकथाम और स्वास्थ्य जागरूकता को लेकर जानकारी दी जाएगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/health-fair-will-be-held-in-all-blocks-of-jharkhand